EDII

Debiyapur Aureyaa News

December 09, 2023

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने को प्रशिक्षण शुरु

दिबियापुर औरैया। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के सहयोग से एनटीपीसी औरैया द्वारा परियोजना के समीपवर्ती ग्रामों में निवास करने वाली महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से पांच दिवसीय उद्यमिता विकास प्रषिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य महाप्रबंधक, एनटीपीसी औरैया, जसबीर सिंह अहलावत द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

प्रतिभागी महिलाओं के साथ मुख्य अतिथि

भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद से फैकल्टी के रूप में पधारे अंजनी कुमार ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के संदर्भ में प्रकाश डालते हुए बताया कि यह 5 दिवसीय प्रषिक्षण कार्यक्रम एनटीपीसी परिसर में 08 दिसम्बर तक चलेगा। जिसमें महिलाओं को उद्यम स्थापित करने के लिए उत्पाद की गुणवत्ता, विपणन, बिक्री संवर्धन, पैकेजिंग, उत्पाद की एवं मूल्य निर्धारण इत्यादि विषयों पर प्रषिक्षण दिया जाएगा। साथ ही महिलाओं को सफल उद्यम संस्थान का भ्रमण भी कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त डिजिटल मार्केटिंग एवं बैंक से किसी भी उद्यम के लिए किस प्रकार से ऋण लिया जा सकता है आदि विषय पर बैंक शाखा प्रबंधक और एफपीओ व अन्य एक्सपर्ट का भी सत्र शामिल किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख एनटीपीसी औरैया ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि यह एनटीपीसी औरैया के लिए गर्व की बात है कि भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के सहयोग से हम परियोजना के समीपवर्ती गाँवों में निवास करने वाली महिलाओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से एक ऐसे समाज की संरचना करने जा रहे हैं। जिसमें वह अपने सपनों को मूर्त रूप दे सकती हैं और बिना किसी बाधा वभय के अपना मार्ग प्रशस्त कर सकती हैं।

कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख एनटीपीसी औरैया जसबीर सिंह अहलावत के साथ जागृति महिला मण्डल की अध्यक्षा, श्रीमती सरोज अहलावत, अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन रॉय थॉमस, महासचिव जागृति महिला मंडल श्रीमती निधि पांडेय, भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान से अंजनी कुमार सिंह, सीएसआर कार्यपालक जेनेट फर्नांडीस एवं प्रोजेक्ट अधिकारी दिलीप आदि मौजूद रहे।